*प्रेस विज्ञप्ति*

# गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## बाबा साहेब परिनिर्वाण दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

पंतनगर। 7 दिसंबर 2025। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के 69वें परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020' विषय पर आज एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रतिनिधि के रुप में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुभाष चन्द्रा, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक, किच्छा श्री तिलक राज बेहड़ तथा राष्ट्रीय मूलनिवासी बहुजन कर्मचारी संघ, राष्ट्रीय दलित साहित्य अकादमी, बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क और देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ पंतनगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उदघाटन परमश्रद्धेय भंते सोमानन्द, राष्ट्रीय प्रभारी बुद्धिष्ट इंटरनेशनल नेटवर्क, नई दिल्ली द्वारा बुद्ध वंदना के साथ किया गया। विधायक श्री तिलक राज बेहड़ द्वारा बाबा साहेब के आदर्शों एवं संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय द्वारा बाबा साहब की तरह मिशन मोड पर समाज को प्रभावित करने वाले कार्य करने पर बल दिया।

कार्यक्रम में डा. जयपाल, डा. के.पी. चौधरी, डा. अशोक सहोता, ई. बेगराज सिंह, आयोजन सचिव डा. सुनील सिंह, डा. ओमवीर सिंह, श्री प्रमोद कुमार, श्री राहत मसीह, श्री मनोहर वाल्मिकी, श्री रिंकु बाबा, श्री विजय बहादूर, श्री ओमप्रकाश, श्री जितेन्द्रनाथ, श्री गोविन्द आर्या आदि एवं अनेक छात्र–छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



